**Need to establish a Tribal University in Karbi Anglong district of Assam and also set up a campus of Indira Gandhi National Tribal University at Udalguri in the State-Laid**

श्री दिलीप शइकीया **(**दारंग**-**उदालगुड़ी**) :** कार्बी आंगलोंग जिला असम राज्य में एक प्रशासनिक इकाई है । भारत के संविधान की छठी अनुसूची के प्रावधानों के अनुसार कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद (KAAC) द्वारा प्रशासित एक स्वायत्त जिला है । 2011 की जनगणना के अनुसार कार्बी आंगलोंग जिले की जनसंख्या 956313 है । कार्बी आंगलोंग की साक्षरता दर 69.25 प्रतिशत है । इसका कुल क्षेत्रफल 10 हजार 404 वर्ग किलोमीटर है । इसमें कार्बी जनजाति का वर्चस्व है । कार्बी के अलावा, लालुंग (तिवा), दिमासा कछारी, रेंगमा नागा, कुकी, गारो, खासी और श्याम लोग जिले के विभिन्न इलाकों में रहते हैं और अपनी जातीय पहचान बनाए रखते हैं । असम के जिलों में इस जिले का भौगोलिक क्षेत्रफल सबसे बड़ा है, लेकिन इस जिले में शैक्षिक संस्थानों की संख्या बहुत ही कम है और उच्च शिक्षा के लिए तो कोई भी साधन उपलब्ध नहीं है । अत: मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि पूर्वोत्तर राज्य असम में जनजातीय समुदायों को उच्च और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से कार्बी आंगलोंग जिले में एक जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए और मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र उदालगुड़ी में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक (मध्य प्रदेश) का एक कैंपस स्थापित किया जाए ।